भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
Physical Research Laboratory, Ahmedabad

हिंदी माह समारोह – 2026 रिपोर्ट

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के निर्देशानुसार, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद, द्वारा 14 सितंबर- 14 अक्टूबर 2026 के दौरान हिंदी माह बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। हिंदी माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माउंट आबू अवरक्त वेधशाला एवं उदयपुर सौर वेधशाला भी इनमें से अधिकांश कार्यक्रमों में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए थे। सितंबर माह एवं पूरे हिंदी माह के दौरान निदेशक, पीआरएल द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को अधिकाधिक कार्यालयीन काम-काज हिंदी में करने की **अपील** की गई। इसके साथ हिंदी माह के अंतर्गत सितंबर माह के दौरान हिंदी में टिप्पण/पत्राचार आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **विशेष प्रोत्साहन योजना** की घोषणा की गई।

इस वर्ष हिंदी दिवस की शुरुआत 14-15 सितंबर 2026 को सिडको एग्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन- 2026 के माध्यम से हुई।

पीआरएल हिंदी माह समारोह समिति 2026 द्वारा विभिन्न प्रकार के रोचक कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि सभी भाषा-भाषी एवं कर्मचारी वर्ग तथा परिवार के सदस्य भी इन कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें।

हिंदी माह के अंतर्गत पीआरएल अहमदाबाद द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का विवरण:

- **18 सितंबर, 2026**

i) हिंदी माह उद्घाटन कार्यक्रम

इस कार्यक्रम में हिंदी माह का उद्घाटन दीप प्रज्वलन करते हुए परंपरागत रूप से निदेशक, पीआरएल प्रो. अनिल भारद्वाज एवं अध्यक्ष हिंदी माह समारोह समिति 2026 के संबोधन द्वारा हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, प्रतिष्ठित अन्वेषण भूविज्ञानी, AMD/DAE हैदराबाद के पूर्व निदेशक और वर्तमान में GMRICS/GMDC, अहमदाबाद के CEO मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।

ii) पर्व व्याख्यान

हिंदी माह 2026 उद्घाटन समारोह के दौरान हिंदी माह **विशेष माणिक पर्व (40वां) व्याख्यान** का आयोजन, पर्व समिति के समन्वयन के साथ किया गया। इसमें "क्रिटिकल एवम स्ट्रेटेजिक खनिज: वैज्ञानिक अन्वेषण, सतत विकास और राजभाषा हिंदी की भूमिका विचार" विषय पर वक्ता डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, प्रतिष्ठित

अन्वेषण भूविज्ञानी, AMD/DAE हैदराबाद के पूर्व निदेशक और वर्तमान में GMRICS/GMDC, अहमदाबाद के CEO ने व्याख्यान दिया।

iii) मातृभाषा से राजभाषा तक कार्यक्रम

हिंदी राजभाषा होने के साथ-साथ हमारे देश की विभिन्न संस्कृतियों की मोतियों को एक माला में संजो कर रखती है। इसी भाव को रेखांकित करते हुए, हिंदी माह में "मातृभाषा से राजभाषा तक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा अपनी मातृभाषा अथवा अपने प्रांत की बोली/भाषा में भावपूर्ण कविता, लेख, कहानी, नाट्य, संगीत के छंद प्रस्तुत किए गए। उसके बाद उस प्रस्तुति का भावानुवाद हिंदी भाषा में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अपने विषय को दर्शाते हुए म्यूट वीडियो/पीपीटी स्लाइड का प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

iv) पीआरएल सदस्यों द्वारा ऑनस्टेज नाट्य प्रस्तुति

इस कार्यक्रम में पीआरएल के सदस्यों द्वारा ऑन-स्टेज हिंदी नाट्य प्रस्तुति दी गई।

नाट्य प्रस्तुति के दौरान कुल 27 प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, एवं दर्शक के रूप में लगभग 300 सदस्य उपस्थित थे।

नाट्य का नाम : **"अक्लमंदी"**

- **सोमवार, 21 सितंबर, 2026**

i) यात्रा वृत्तांत लेखन प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता सभी परिसरों में एक ही समय पर ऑफलाइन माध्यम में आयोजित की गई। सभी परिसरों के नोडल सदस्य की देख-रेख में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा 1 घंटे का समय दिया गया। प्रतिभागियों को किसी स्थान की यात्रा के बारे में अपने अनुभव, वहां की संस्कृति, खान-पान, इतिहास, विशिष्टता आदि के बारे में लिखना था। इस प्रतियोगिता में हिंदी एवं हिंदीतर भाषी के लिए पुरस्कार रखे गए थे। इस प्रतियोगिता में पीआरएल के चारों परिसरों से 24 सदस्यों ने भाग लिया।

- **बुधवार, 23 सितंबर, 2026**

i) हिंदी टंकण प्रतियोगिता (5 मिनट)

यह ऑफलाइन माध्यम में आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों को एक पैराग्राफ दिया गया, जिसे टंकित करना था। दिए गए पैराग्राफ के टंकण के लिए प्रतिभागियों को 5 मिनट का समय दिया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 28 सदस्यों ने भाग लिया।

- **शुक्रवार, 25 सितंबर, 2026**

i) शब्द प्रश्नोत्तरी

शब्द प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीआरएल को विभिन्न समूहों में संरचित करके हिंदी भाषा ज्ञान, वर्ग-पहेली, सामान्य-ज्ञान, मुहावरों, गानों आदि के चक्रों के साथ यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 09 टीम प्रत्येक टीम में 5 सदस्य थे। इस प्रतियोगिता में पीआरएल मुख्य परिसर एवं थलतेज परिसर के कुल 45 सदस्यों ने भाग लिया तथा दर्शकों के रूप में लगभग 150+ सदस्य उपस्थित थे।

❖ **सोमवार, 28 सितंबर, 2026**

i) वर्ग पहेली

यह प्रतियोगिता पीआरएल,अहमदाबाद, माउंट आबू एवं यूएसओ परिसरों में एक साथ आयोजित की गई। पहेली बूझने/हल करने के लिए 45 मिनट का समय दिया गया। वर्ग पहेली के लिए प्रश्नों के विषय अंतरिक्ष विभाग, इसरो, पीआरएल, हिंदी शब्द ज्ञान, हिंदी साहित्य, सामान्य ज्ञान, गीत-संगीत, फिल्म, खेल आदि से संबंधित थे। इस प्रतियोगिता में हिंदी एवं हिंदीतर भाषी के लिए पुरस्कार रखे गए थे। इस प्रतियोगिता में पीआरएल के चारों परिसरों से 82 सदस्यों ने भाग लिया।

बुधवार, 30 सितंबर, 2026

i) अंबेडकर जयंती व्याख्यान

भारत रत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम हिंदी माह समिति 2026 और स्वच्छता पखवाड़ा समिति के सहयोग से किया गया था। गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के इतिहास विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष डॉ. हरपालसिंह राणा द्वारा "राष्ट्रनिर्माण में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की भूमिका" विषय पर व्याख्यान दिया।

❖ **गुरुवार, 01 अक्टूबर, 2026**

i) गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी कार्यक्रम "लोक-तरंग" 2026

राजभाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन के लिए गुजरात राज्य में स्थित सभी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) एवं सभी बैंक नराकास के सदस्य कार्यालयों के सेवारत नियमित कर्मचारियों के लिए गुजरात राज्य स्तरीय हिंदी कार्यक्रम **"लोक-तरंग"** 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे गुजरात राज्य के भिन्न भिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम गुरुवार, 01 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषा, संस्कृति, गीत, आदि पर गद्य/पद्य/लोकगीत आदि की प्रस्तुति दी गई तथा उसका भावार्थ हिंदी में बताया गया। इसमें पूरे गुजरात राज्य से 14 संस्थानों से 20 सदस्यों ने भाग लिया तथा श्रोता के रूप में लगभग 125 से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

❖ **मंगलवार, 06 अक्टूबर, 2026**

i) स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता

पीआरएल के सदस्यों के लिए इस स्वरचित कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी में स्वरचित कविताएं प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी साहित्यिक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 सदस्यों ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की।
इस प्रतियोगिता में माउंट आबू एवं यूएसओ के सदस्यों को ऑनलाइम माध्यम से जोड़ा गया था।

ii) कवि सम्मेलन

कवि सम्मेलन हिंदी भाषा के लोक-साहित्य, मुहावरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने का सशक्त माध्यम है। यह बौद्धिक मनोरंजन का एक उत्कृष्ट मंच है, जिससे हिंदी साहित्य का दायरा बढ़ता है।
इस कार्यक्रम में पीआरएल के बाहर से कवयित्री श्रीमती वंदना पाण्डेय एवं कवि श्री विजय तिवारी जी को आमंत्रित किया गया था।

❖ **गुरुवार, 08 अक्टूबर, 2026**

i) हिंदी वर्तनी लेखन

पीआरएल, अहमदाबाद, माउंट आबू एवं यूएसओ परिसर के ऑक्जिलरी और कॉन्ट्रेकच्यूअल सदस्यों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें उन्हें वर्तनियों की सूची पहले से दे दी गई थी, जिसे स्मरण कर प्रतियोगिता में लिखना था। यह प्रतियोगिता भी सभी परिसरों में ऑक्जिलरी और कॉन्ट्रेकच्यूअल सदस्यों के लिए एक साथ आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में पीआरएल के चारों परिसरों से 43 सदस्यों ने भाग लिया।

शनिवार, 10 अक्टूबर, 2026

i) गायन कार्यक्रम

पीआरएल के सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों से प्रतिभागिता आमंत्रित की गई थी। गायन में पीआरएल के सदस्य एवं उनके परिवारजनों ने बहुत ही मधुर एवं मनोरंजक प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीतों की विविधता और प्रस्तुति की गुणवत्ता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध गायन के साथ वाद्य यंत्रों की सुमधुर युगलबंदी भेंट दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम एवं सभी प्रतिभागियों के गायन की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 250 से अधिक श्रोता के रूप में शामिल हुए।

ii) संगीत तंबोला कार्यक्रम

संगीत तंबोला म्यूजिकल हाउजी की तरह एक खेल है। पारंपरिक हाउजी या तंबोला में जहां नंबर पुकारे जाते हैं, वहीं संगीत तंबोला में गानों का लाइव प्लेबैक होता है। खिलाड़ियों ने अपने टिकट पर बज रहे गानों को मार्क

किया। यह एक नवोन्मेषी कार्यक्रम था, जिसका आयोजन पीआरएल में प्रथम बार किया गया था। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने तंबोला में प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम में लगभग 290 लोगों ने प्रतिभागिता की।

❖ **बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026**

i) हमारा कार्य एवं लघुनाटिका (ऑनलाइन वीडियो)

विषय- "आधुनिक तकनीक एवं हमारा कार्य"

इस वर्ष से हमारा कार्य एवं लघुनाटिका को मिलाकर हमारा कार्य एवं लघुनाटिका (ऑनलाइन वीडियो) प्रतियिगिता का आयोजन किया गया था। इसमें वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासन सभी प्रभागों/अनुभागों को अपने-अपने कार्यालयीन कार्यों को लघुनाटिका के माध्यम से दिखाना था। इसमें विभिन्न वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासन क्षेत्रों के सदस्यों द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित लघुनाटिका प्रस्तुत की गई। इस प्रतियोगिता में वैज्ञानिक प्रभागों एवं प्रशासनिक/सेवा/सुविधा अनुभागों से कुल 11 टीमों ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम में लगभग 140 सदस्यों ने भाग लिया एवं 250 से अधिक श्रोता के रूप में शामिल हुए।

ii) पुरस्कार वितरण एवं समापन

हिंदी माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं चल-शील्ड का वितरण किया गया।

उपरोक्तानुसार पीआरएल हिंदी माह समारोह 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में पीआरएल के माउंट आबू अवरक्त वेधशाला, उदयपुर सौर वेधशाला परिसर के सदस्यों ने एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे माह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में कुल मिलाकर लगभग 700+ प्रतिभागिता दर्ज की गई।

हिंदी माह समारोह 2026 की कुछ झलकियां








हिंदी माह समारोह 2026
14 सितंबर – 14 अक्टूबर
भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
हिंदी माह समारोह 2026
14 सितंबर – 14 अक्टूबर


27


भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
हिंदी माह समारोह 2026
14 सितंबर – 14 अक्टूबर